# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 03 / 26 – 46 ,राँची / दिनांक: 05 / 08 / 2026

**अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2026 के परीक्षाफल (Result) एवं परीक्षाफल आधारित नामांकन हेतु आयोजित प्रथम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित सूचना**

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांकः– त0शि0प्र0 / विविध–17 / 2017–176 दिनांक–16.02.2026 के अनुपालन में राज्य के मान्यता प्राप्त अभियंत्रण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2025–26 के अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के द्वितीय वर्ष /तृतीय सेमेस्टर में नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक–28.06.2026 (रविवार) को ऑफलाईन मोड में आयोजित अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2026 का परीक्षाफल परीक्षार्थी पर्षदीय वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column में प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक–05.08.2026 से अद्यःभारित (Download) कर सकते हैं। परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) वेबसाईट पर दिनांक–01.07.2026 को प्रकाशित करते हुए दिनांक–05.07.2026 तक आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। परीक्षार्थियों से प्राप्त सभी आपत्तियों के विरूद्ध विषय–विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

2. तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांकः– त0शि0प्र0 / विविध–17 / 2017–176 दिनांक–16.02.2026 के आलोक में राज्य के अभियंत्रण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2026–27 में अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर / द्वितीय वर्ष में नामांकन के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक–28.06.2026 (रविवार) को आयोजित अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2026 का परीक्षाफल जारी किया जा चुका है।

3. झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम, राँची से प्राप्त ई–मेल दिनांक–22.07.2026 के माध्यम से प्राप्त अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश)–2026 संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों की वर्गीकृत विवरणी के आलोक में पर्षद द्वारा उक्त परीक्षाफल के आधार पर नामांकन की अनुशंसा के निमित्त प्रथम साक्षात्कार दिनांक–06.08.2026 से प्रारंभ की जायेगी।

4. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना विवरणिका / पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

5. शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिये उपलब्ध सीटों की संस्थानवार / कोटिवार / कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

6. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling JCECEB-2026 " Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।

7. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gate way के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

| Sl. No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all Categories | Rs. 250.00 |

8. **सुरक्षित राशिः**– निदेशालय, तकनीकी शिक्षा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या DTESecl/JCECEB-2/2020/HTESD-680 दिनांक–26.06.2023 के अनुपालन में अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सुरक्षित राशि को Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा।

| **Sl.No.** | **Category of the Candidate** | **Security Deposit (In Rs.)** |
|---|---|---|
| 1 | ST/SC/Female of all categories | 2000.00 |
| 2 | BC-I/BC-II/EWS | 3500.00 |
| 3 | General | 5000.00 |

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा आयोजित साक्षात्कारों में अंतिम साक्षात्कार के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवंटित सीट का त्याग कर सकते है। उक्त स्थिति में उनका सुरक्षित राशि (Security Deposit) झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा उनके खाते में वापस कर दिया जायेगा।

अंतिम साक्षात्कार में अभ्यर्थी यदि अपने आवंटित सीट पर नामांकन नहीं कराते है या नामांकन के पश्चात् सीट का त्याग करते है, तो उक्त स्थिति में उनकी सुरक्षित राशि (Security Deposit) पर्षद कार्यालय द्वारा वापस नहीं की जायेगी।

वैसे अभ्यर्थी, जिन्हें अंतिम साक्षात्कार के पूर्व झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा पूर्व आयोजित किये गये साक्षात्कार/साक्षात्कारों में सीट आवंटित होती है, किन्तु उनके द्वारा नामांकन नहीं कराने के कारण सीटें रिक्त रहने पर यह निर्णय लिया जाता है कि किसी अभ्यर्थी द्वारा दो बार अनुशंसित होने के उपरांत भी यदि उनके द्वारा नामांकन नहीं कराया जाता है, तो उनकी (Security Deposit) पर्षद कार्यालय द्वारा वापस नहीं की जायेगी।

9. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं लेने पर सीट/संस्थान का आवंटन स्वतः रद्द हो जायेगा।

10. प्रथम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैः–

**(A)Time-Schedule for 1st Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Engineering Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 06/08/2026 |
| 2. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 08/08/2026 |
| 3. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 09/08/2026 to 14/08/2026 |
| 4. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 10/08/2026 to 14/08/2026 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

05/02/26

(विशेष कार्य पदाधिकारी)